06 बारिश होने के बाद किसान जुटे खरीफ फसल की...



07 निर्मला कॉन्वेट स्कूल के विद्यार्थियों ने रैली ...



## खबर संक्षेप

### ब्लड की जांच कर फिर से रिकार्ड बनाएंगे विकास

**विदिशा।** 10 सालों में ढाई लाख व्यक्तियों का निः शुल्क ब्लड ग्रुप चैक करके विश्व रिकार्ड बनाने वाले विकास पचौरी ने स्वयं का रिकार्ड तोड़ने एक नया सेवा मिशन शुरू कर दिया है। अब वह 3 लाख ब्लड ग्रुप का नया विश्व रिकार्ड बनाने जा रहे हैं। इसकी शुरुआत बुधवार को विठ्ठल नगर स्थित अपना घर आश्रम में निराश्रित एवं मानसिक विकलांग लोगों का ब्लड ग्रुप जांचकर की गई। जिले के गांव एवं शहरों में रहने वाले सभी उम्र के बच्चे, महिला पुरुष एवं बुजुर्गों की जांच निःशुल्क की जाएगी। इसके लिए विकास पचौरी ने एक मारुती 800 को मौडीफाय करके चलित लैब बनाया है।

### बाल विवाह, बाल मजदूरी पर प्रशिक्षण आयोजित

**विदिशा।** सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन द्वारा बाल विवाह, बाल मजदूरी पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन एक्सेस टू जस्टिस फेस 3 कार्यक्रम के अंतर्गत बाल विवाह, बाल मजदूरी, के केस को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें मप्र के चिन्हित 10 जिले सीहोर, भोपाल, अशोकनगर, गुना, झाबुआ, नरसिंहपुर, नर्मदापुरम, शाजापुर, उज्जैन एवं विदिशा जिले की समस्त टीम उपस्थिति रही। प्रशिक्षण के दौरान प्रोग्राम समन्वयक स्वप्निल दुबे द्वारा जिलों की टीम को मार्गदर्शन दिया। स्वप्निल दुबे द्वारा बताया गया कि जिलों में हो रहे बाल विवाह एवं बाल श्रम के केस पर किस प्रकार से बच्चों का शोषण किया जाता है और हमें किस तरह दोषियों पर कार्यवाही करवा कर आरोपी को सजा दिलवा सकते हैं।

### एसडीएम कार्यालय में पौधे लगाए गए

**विदिशा।** जिला मुख्यालय पर बुधवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसडीएम कार्यालय परिसर में विभागीय अधिकारियों ने पौधे रोपे। एसडीएम शर्मा ने बताया कि कार्यालय परिसर हराभरा रहे, पर्यावरण के क्षेत्र में हम सबकी सहभागिता हो साथ ही सुंदर वातावरण, मनोहारी दृश्य परलिक्षित हो इसके लिए विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपित किए जा रहे हैं। वहीं गार्डन परिसर में विभिन्न प्रकार के फूलों के पौधे लगाए गए है ताकि तहसील व एसडीएम कार्यालय में आने वाले आवेदकों को कार्यालय परिसर में बेहतर सम्पूर्ण वातावरण की अनुभूति हो।

### रेलवे एंपलाइज कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी के चुनाव हुए

**विदिशा।** रेलवे एम्पलाइज कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी भोपाल परिक्षेत्र के प्रतिनिधियों के चुनाव रेलवे संस्थान विदिशा में हुए। रेलवे एम्पलाइज कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी के चुनाव कराने मैं सहयोग करने वालों में प्रमुख रूप से महेंद्र सोनी विभाग प्रमुख भारतीय मजदूर संघ, लाखन सिंह जाट जिला मंत्री, प्रशांत द्विवेदी, मुकेश चौरसिया, हरिओम मीना, रामवरन, उपेंद्र सिंह सुमित रिझरिया, शैलेंद्र चौबे,शैलेंद्र अहिरवार, दीपक रैकवार शामिल रहे।

### बारिश न होने से किसान चिंतित, अधर में बोवनी

**कस्वा बागरोद।** क्षेत्र में कई दिनों से बारिश न होने से किसानों की खेती में सोयाबीन की बोवनी नहीं हो पा रही। जिन किसानों ने बोवनी कर दी उनको पानी की जरूरत है। पानी न गिरने की दशा मे सोयाबीन की फसल मे अंकुरण के साथ ऊपर निकलने मे परेशानी होगी। किसानों ने बताया की इस बार क्षेत्र मे बहुत कम बारिश हुई लेकिन किसानों ने बोवनी कर दी। सोयाबीन की बोवनी के बाद से ही बारिश नहीं हुई। साथ जो किसानों ने कम बारिश के कारण बोवनी नहीं कि वह फसल अब लेट होती दिख रही है। बड़ा रकबा बोवनी के लिए रह गया हैं। ऐसे में किसानों को बारिश का इंतजार है।

---

### विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे

# अभाविप के कार्यकर्ताओं ने सीएम राइज स्कूल के गेट पर जड़ा ताला

**सीएम राइज स्कूल बरईपुरा में अव्यवस्थाओं के विरोध में अभाविप के कार्यकर्ताओं ने स्कूल में ही ताला जड़ दिया। मौके पर जिला शिक्षाधिकारी को बुलाया गया। उनके आश्वासन के बाद छात्र संगठन ने स्कूल का ताला खोला।**



विदिशा। प्रदर्शन के दौरान आधे घंटे तक स्कूल के बाहर चिलचिलाती धूप में खड़े रहे सैकड़ों बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने बुधवार को सीएम राइज स्कूल में अव्यवस्थाओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

एबीवीपी के सदस्यों ने स्कूल के गेट पर ताला जड़ दिया और वहीं बैठकर विरोध करने लगे। एबीवीपी के प्रदर्शन के कारण स्कूल पहुंचे बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब एक घंटे तक बच्चे स्कूल के बाहर धूप में खड़े रहे।

प्रदर्शन की जानकारी मिलने के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों के नहीं मानने पर तहसीलदार अमित ठाकुर भी मौके पर पहुंचे। जिला शिक्षा अधिकारी रामकुमार ठाकुर को भी मौके पर बुलाया गया, तब कहीं जाकर प्रदर्शनकारियों ने स्कूल के बाहर लगा ताला खोला। जिला शिक्षा अधिकारी ने छात्र संगठन द्वारा दिए ज्ञापन पर जल्द से जल्द सुधार कार्य और समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया। अखिल विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री पवन शर्मा ने बताया कि सीएम राइज स्कूल के छात्रों ने उनसे शिकायत की थी। स्कूल में कई समस्याएं हैं। पीने के पानी की व्यवस्था, बच्चों को बैठने की व्यवस्था, स्कूल में विद्यार्थियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है।

#### अव्यवस्था तो होगी क्योंकि क्षमता 600 बच्चों की, 800 हैं दर्ज

कार्यकर्ताओं ने बताया कि हिंदी मीडियम के छात्रों को गैलरी में बैठाया जा रहा है जबकि इंग्लिश मीडियम के छात्रों को अलग व्यवस्था दी है। स्कूल के वाटर कूलर में कीड़े पड़े हुए हैं। छत से पानी टपकता है, गर्मी के दिनों में बच्चों को पंखे के नीचे नहीं बैठने दिया जाता। स्कूल की कैपेसिटी 600 बच्चों की है, एडमिशन 800 कर लिए। एक क्लास में दो-दो सेक्शन के बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। बच्चों के परिजनों के साथ भी दुर्व्यवहार किया जाता है।

---

# नेता प्रतिपक्ष ने सड़कों के गड्ढे भरकर नपा को चेताया

### 29 जून को नगर में निकलेगी भव्य कलश यात्रा, सड़कों के गड्ढे तक नहीं भरवा पा रही नगरपालिका



विदिशा। नेता प्रतिपक्ष ने सड़कों के गड्ढे भरकर नगरपालिका को चेताया।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शहर की सड़कों की हालत खस्ता हो चुकी है। इससे पूरा शहर परेशान हैं। सड़कों का निर्माण तो दूर नगरपालिका ढंग से सड़कों के गड्ढे तक नहीं भरवा पा रही है।

पंडित प्रदीप मिश्रा की शिवमहापुराण कथा के लिए 29 जून को भव्य कलश यात्रा निकाली जाना है। जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं शामिल होंगी। इस भव्य आयोजन को देखते वार्ड नंबर 17 के पार्षद व नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी के नेतृत्व में तिलक चौक के बड़े बड़े गड्ढों को भरावाया। वहीं सड़कों को दुरुस्त कराने की मांग करते हुए नगरपालिका सीएमओ को ज्ञापन सौंपा गया। 29 जून को नगर में पंडित प्रदीप मिश्रा की शिवमहापुराण कथा की शोभायात्रा देवी का बाग से नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकाली जाना है। लेकिन सड़कों की हालत बेहद खस्ता है। इसी को लेकर सांकेतिक धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, पार्षद धर्मेन्द्र यादव, अरुण अवस्थी, अशोक, रामराज दांगी, सुरेंद्र रघुवंशी, राजकुमार पासी, शोभित अग्रवाल, बल्लभ डांगरा आदि मौजूद रहे।

---

# जिपं की बैठक: शिकायतों के आधार पर कुरवाई में तीन और बासौदा में चार समूहों पर कार्रवाई कर अनुबंध समाप्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिपं अध्यक्ष गीता रघुवंशी की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कोई भी प्रस्ताव बैठक में अनुमोदन व स्वीकृति के लिए सदस्यों की सहमति के दौरान प्राप्त किए जाएंगे।

अधिकांश सदस्यों द्वारा सहमति प्रदाय करने पर उस सुझाव प्रस्ताव, मांग का अनुमोदन कर जिला पंचायत की कार्यवाही में शामिल किया जाएगा। सांझा चूल्हा के अंतर्गत वेंडर द्वारा पिछले दस वर्षों



से सप्लाई के संबंध में प्राप्त शिकायतों के आधार पर कुरवाई में तीन व बासौदा में चार समूहों पर कार्रवाई कर उनका अनुबंध समाप्त किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सेल्फ डिफेंस कार्यक्रम के अंतर्गत राशि आहरण कर उसका दुरुपयोग करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध एक-एक वेतन वृद्धि रोके जाने एवं नियम विरुद्ध आहरित राशि को पुनः जमा कराने एवं जिले की समस्त सीबीएसई स्कूल एवं अल्पसंख्यक स्कूलों में नेशनल बिल्डिंग कोड के भाग चार के निर्धारित मापदंड पूर्ण है कि नहीं इसके लिए सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट की जांच के लिए कमेटी गठित करना ततसंबंध में अवगत कराया गया कि जिले की केमिकल फेक्ट्री में हुई अग्नि दुर्घटना उपरांत जांच दल गठित किए गए है जो उक्त कार्यों का संपादन भी कर रहे हैं।

---

# ई रिक्शा चालकों ने नपा से मांगी जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शहर के ई-रिक्शा चालकों ने बुधवार को नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा को ज्ञापन देकर ई रिक्शा स्टैंड के लिए जगह मुहैया कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि ई रिक्शा ऑटो खड़े करने के लिए वर्तमान में कोई जगह चयनित नहीं है।

ई रिक्शा चालकों का कहना है कि बसस्टैंड या रेलवे स्टेशन पर उनके ई रिक्शा ऑटो खड़े करते हैं तो डीजल ऑटो वाले उनके साथ गाली-गलोच एवं ऑटो तोड़फोड़ की



धमकियां देते हैं। जिससे वह अपना व्यापार नहीं कर पाते। इसलिए उन्हें शहर में जगह दी जाए। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने आश्वासन दिया है कि जल्दी एक जगह चिन्हित की जाएगी। इस दौरान नपा के सभापति शैलेन्द्र सिंह भदौरिया, जमना कुशवाह आदि मौजूद रहे।

---

# विधायक ने नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई



**विदिशा।** अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर बुधवार को उत्कृष्ट विद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें नशे से होने वाले दुष्प्रभावों व इसकी रोकथाम बारे जागरुक किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि वर्तमान में हमारी युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में हैं और इससे राष्ट्र एवं समाज को भारी क्षति हो रही है। नशे की प्रवृत्ति लोगों में अनेक बीमारियां हो रही हैं एवं नशे के कारण ही अपराध बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि न तो हम स्वयं नशा करें और न ही किसी को नशा करने दें। कार्यशाला के दौरान नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। जिसमें विधायक मुकेश टंडन, एसपी दीपक शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर योगेश भरसट, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा के अलावा अन्य अधिकारी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

---

# होमगार्ड व एसडीआरएफ की टीम ने बाढ़ के दौरान लोगों को बचाने की प्रैक्टिस की

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बाढ़ के हालात से निपटने होमगार्ड और एसडीआरएफ की टीम पूरी तरह से तैयार है। बुधवार को बेतवा के बंगला घाट पर आपदा बचाव राहत कार्य की मॉकड्रिल की गई। जिसमें होमगार्ड और एसडीआरएफ ने बाढ़ के दौरान लोगों को बचाने की प्रैक्टिस की।

इस दौरान कलेक्टर-एसपी भी पहुंचे जिन्होंने राहत कार्य में उपयोग होने वाले उपकरणों का सत्यापन किया। कमांडेंट रश्मि दुबे ने बताया कि मॉकड्रिल में 18 एसडीआरएफ और होमगार्ड के जवान शामिल हुए। बंगला घाट पर दो रबर वोट, एक एचडीपीई वोट भी नदी में उतारी गई। होमगार्ड के चार जवान स्कूबा ड्राइविंग सिखाने के लिए पुणे गए हैं। दो जवान वापस आ गए हैं। उन्होंने स्कूबा डाइविंग का प्रदर्शन किया। बताया गया इस बार बाढ़ के हालात से निपटने के लिए 400 से ज्यादा कुशल तैराकों के साथ चार स्कूबा ड्राइवर्स तैनात रहेंगे। जिसमें 17



विदिशा। होमगार्ड और एसडीआरएफ के सहायता उपकरणों का निरीक्षण करते कलेक्टर बुद्धेश कुमार।

एसडीआरएफ, 100 से ज्यादा होमगार्ड के जवान और 300 आपदा मित्र शामिल हैं, जो बाढ़ के हालात में खुद को सुरक्षित रखते हुए दूसरों को बचाने का काम करेंगे। अधिकारियों का कहना था कि लोगों को जागरुक किया जा रहा है कि बाढ़ के हालात के समय सावधानी रखें। नदी नालों पर पानी होने के बाद वहां से निकलने की कोशिश न करें।

---

# मुनिश्री वीर सागर महाराज के संघ का मंगल प्रवेश हुआ

**विदिशा।** मुनिश्री वीर सागर महाराज के संघ का बुधवार को नगर में मंगल प्रवेश हुआ। मुनिश्री के आगमन पर भक्तों ने जगह-जगह रंगोली से चौक और तोरण द्वार सजाए। कई जगह जैन समाज के लोगों ने मुनिश्री का पाद प्रक्षालन किया और आरती उतारी। मुनिश्री स्टेशन जैन मंदिर पहुंचे। जहां पर मुनि संघ ने मंदिर में दर्शन किए इसके बाद धर्म सभा का आयोजन हुआ। जैन समाज के प्रवक्ता अभिनाश जैन ने



बताया कि इस अवसर पर सकल दिगंबर जैन समाज, शीतल विहार न्यास, मुनिसेवक संघ सहित नगर के सभी जिनालयों के पदाधिकारियों समस्त महिला मंडल, समग्र पाठशाला की शिक्षाकाएं एवं बच्चों ने नगर में चातुर्मास के लिए श्रीफल समर्पित कर निवेदन किया। मुनिश्री ने विदिशा को विशिष्ठ दिशा बताते हुए कहा कि जिस भूमि पर स्वं भगवान अवतरित हुए हों जहां इस युग के साक्षात भगवन स्वरूप आचार्य गुरुदेव के चरण एक बार नहीं बल्कि पांच बार पड़े एवं जिस शीतलधाम की भूमि पर चातुर्मास एवं भगवान के पंचकल्याणक हुए हों, वह पवित्र भूमि की रज-रज पवित्र है।

---

# जन्म मृत्यु पंजीयन संबंधी एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ

**विदिशा।** जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा जन्म मृत्यु पंजीयन के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कलेक्ट्रे के बेतवा सभाकक्ष में हुआ।

जिला योजना अधिकारी सेवाराम रैकवार एवं जन्म मृत्यु पंजीयन कार्य करने वाली इकाइयों के रजिस्ट्रार उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना कार्य निदेशालय मप्र भोपाल से संयुक्त निदेशक रतनलाल जैन एवं उनकी सहयोगी मोना चौहान द्वारा जन्म मृत्यु संशोधन अधिनियम पर प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में जिले के समस्त शासकीय चिकित्सा संस्थानों के रजिस्ट्रार उनके सहयोगी, समस्त नगरीय निकायों के रजिस्ट्रार एवं उनके सहयोगी, जनपद पंचायत सीईओ एवं प्रायवेट चिकित्सालयों के सूचनादाता मौजूद रहे। 11 अगस्त 2023 के बाद जन्म लेने वाले बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य कर दिया गया है। चिकित्सा संस्थानों में हुई प्रत्येक मृत्यु का मृत्यु के कारणों का चिकित्सीय प्रमाणीकरण संबंधित संस्थान के चिकित्सक द्वारा दिया जाना अनिवार्य होगा। उसकी एक प्रति संबंधित रजिस्ट्रार एवं दूसरी प्रति निकटतम संबंधी को निशुल्क दिया जाएगा। पोर्टल में आम नागरिकों द्वारा मोबाइल ओटीपी के माध्यम से जन्म मृत्यु की सूचना घटित घटना के स्थान से संबंधित रजिस्ट्रार को ऑनलाइन प्रेषित की जा सकेगी एवं रजिस्ट्रार द्वारा सत्यापन कर प्रमाण पत्र जारी किया जा सकेगा।

---

### कथा से पहले 29 जून को निकाली जाएगी भव्य कलश यात्रा

# पीले चावल देकर कथा के लिए किया आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

प्रसिद्ध संत प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा का आमंत्रण देने के लिए बुधवार को आयोजन समिति ने पीले चावल देकर शहर के लोगों को आमंत्रित किया। पहला निमंत्रण गणेश जी को और दूसरा शिव जी को दिया गया।

सरस्वती मानस मंडल द्वारा सीहोर के प्रसिद्ध संत प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से गिरधर कॉलोनी में 30 जून से 6 जुलाई तक शिव पुराण के प्रखंड विद्वान प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से कथा का आयोजन



विदिशा। नगर के मुख्य मार्गों पर निकलकर आम लोगों को किया आमंत्रित।

किया जा रहा है। इस कथा में जन-जन को निमंत्रित करने के लिए हर घर जाकर निमंत्रण पत्र दिया जाएगा। नागरिकों से यह आग्रह किया जाएगा कि वह अपने परिवार सहित इस कथा में पधारें और कथा का श्रवण करें। इस अभियान की शुरुआत बुधवार को मंडी प्रांगण स्थित गणेश का स्मरण गणेश जी को निमंत्रण पत्र देने के साथ की गई। उसके बाद में फिर दूसरा निमंत्रण पत्र रामलीला चौराह विद्युत मंडल स्थित मुक्तेश्वर महादेव मंदिर पर जाकर भगवान शिव को अर्पित किया गया।

रवि कृष्ण शास्त्री ने बताया कि इसके पश्चात वे अपने साथियों और धर्मप्रेमी बंधुओं के साथ रामलीला चौराहे से निकलकर मुख्य मार्ग से होते हुए पीतलमिल चौराह तक घर-घर जाकर निमंत्रण पत्र व पीले चावल बाटें गए। शैलेंद्र सिंह टीलाखेड़ी व अभिषेक अरोरा ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार पीले चावल का उपयोग पूजन कर्म में करने से देवी-देवताओं की कृपा बहुत ही जल्द प्राप्त हो जाती है। किसी भी देवी-देवता को निमंत्रण देने के लिए चावल को पीला किया जाता है। पीले चावल देकर आमंत्रित किए गए भगवान अवश्य भक्त के घर पधारते हैं। इस अवसर पर शिव भक्त मौजूद रहे। उक्त जानकारी समिति सदस्य मनोज शर्मा द्वारा दी गई।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2766
उच्चतम भाव-3875
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2486
उच्चतम भाव-2815
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2477
उच्चतम भाव- 2492
चना
न्यूनतम भाव- 5400
उच्चतम भाव- 7000
मसूर
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-6280
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-4661
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4742
उच्चतम भाव-6001
सरसों
न्यूनतम भाव-3190
उच्चतम भाव-5871
उड़द
न्यूनतम भाव-4910
उच्चतम भाव-7800
मूंग
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-7730
धान
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-3005
ज्वार
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-2600
बटरी
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-3900
धना
न्यूनतम भाव-6000
उच्चतम भाव-7200

**कृषि मंडी में हुई आवक**

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 9632 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### नहीं हो रही बिजली की कटौती बंद

**गंजबासौदा।** नगर में एक माह से मेंटेनेंस के नाम पर बिजली की कटौती की जा रही है। इन दिनों विद्युत वितरण कंपनी द्वारा दिन एवं रात्रि के समय कभी भी किसी भी वार्ड में बिजली का प्रदाय बंद कर दिया जाता है। जिससे नगरवासियों को गर्मी के मौसम में बगैर, पंखा, कूलर, एसी के देर तक समय गुजारना पड़ रहा है।

## अंडरब्रिज में पसरा रहता है अंधेरा...



**गंजबासौदा।** गत 26 फरवरी को प्रधानमंत्री ने वर्चुअल रूप से रोड ओवरब्रिज, अंडरपास का शिलान्यास व उद्घाटन किया था। जिसके बाद नगर में हरदूखेडी अंडरब्रिज से आवागमन तो शुरु हो गया, लेकिन लाइट की व्यवस्था नहीं हुई है, जिससे वाहन चालकों को अंधेरे में से होकर गुजरना पड़ रहा है। हालांकि नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने नागरिकों एवं वाहन चालकों की सुविधा के लिए नपा के माध्यम से अंडरब्रिज में लाइट की व्यवस्था करने की बात कही थी, लेकिन अभी तक रेल्वे द्वारा नपा को अनुमति पत्र नहीं दिया गया है, जिससे अंडरब्रिज में लाइट की व्यवस्था नहीं हो पा रही है।

### नगर में प्री-मानसून की बारिश से खेत हुए बोवनी लायक

# बारिश होने के बाद किसान जुटे खरीफ फसल की बुआई करने में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





प्री-मानसून की बारिश नगर भर में हो जाने के बाद इलाके के किसान खरीफ फसल सोयाबीन, धान, उड़द आदि की बोवनी करने में जोर शोर से जुट गए हैं। इस वर्ष धान का रकवा सबसे अधिक है। इलाके के किसान रोपनी धान के लिए पूर्व से ही अपने खेतों में गढ़ा बनाने एवं खेतों को बोवनी के लिए तैयार करने में लगे हुए थे। अब इस बार अधिकांश किसान धान एवं सोयाबीन की बोवनी के तुरंत बाद खेतों में खरपतवार की रोकथाम के लिए अभी से दवाओं का भी छिडकाव करने में जुट गए हैं।

उल्लेखनीय है कि इलाके में लंबे इंतजार के बाद विगत दिनों जोरदार बारिश हुई थी। इसके बाद से प्रतिदिन अच्छी बौछारें पड रही हैं। बारिश से किसानों के चेहरे खिले हुए हैं और वे सोयाबीन, उडद की बोवनी एवं धान रोपाई में जुट गए हैं। इलाके में इस वर्ष सोयाबीन की अपेक्षा धान की बोवनी एवं रोपाई बडे पैमाने पर की जा रही है।

उधर अच्छी बारिश के बाद खेतों में नमी देखकर जिन किसानों ने जल्दबाजी में बोवनी कर दी थी, उनके खेतों में फसलों का अंकुरण भी नजर आने लगा है, लेकिन अब उम्मीद के अनुरूप बारिश न होने से अंकुरण तेज गर्मी से झुलसने और झींगुरों द्वारा खाए जाने से भी किसान चिंतित हो रहे हैं। ग्राम काजी किर्रोदा के सुनील दांगी ने बताया कि तेज गर्मी एवं अच्छी बारिश न होने से अंकुरण खराब हो रहा है। साथ ही उसे झींगुर भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर बोवनी करने के तुरंत बाद किसान खेतों में खरपतवार की पैदावार को रोकने के लिए अभी से दवाओं का छिडकाव भी करने में भी जुट गए हैं। ताकि उनकी फसल में खरपतवार कम से कम हो और उपज अच्छी मिले।

उधर किसान अब अच्छी बारिश की भी कामना कर रहे हैं। जबकि इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने अब गुरूवार और शुक्रवार को इलाके में गरज चमक के साथ बौछारें पडने और शनिवार से मानसून की अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं।

## पचमा बायपास पर यातायात पुलिस ने की चालानी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को यातायात पुलिस द्वारा नगर के पचमा बायपास मार्ग पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया, चार पहिया वाहनों की जांच पड़ताल की गई। यातायात पुलिस ने 12 वाहनों पर जुर्माने की कार्रवाई की। यातायात प्रभारी सूबेदार आशीष राय ने बताया कि सड़क हादसों में कमी लाने के लिये यातायात पुलिस लगातार काम कर रही है। यातायात अमले ने अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 12 चालान बनाए, जिनसे 4800 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। पुलिस द्वारा की गई। इस चैकिंग में दो पहिया वाहन चलाते वक्त हेलमेट का प्रयोग न करना, तेज रफ्तार वाहन चलाने वाले चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि वाहन दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नगर के जय स्तंभ चौक, पचमा बायपास, त्योंदा रोड, तिरंगा चौराहा, नवीन कृषि उपज मण्डी के आसपास वाहनों की चैकिंग की जा रही है। यातायात पुलिस ने पालकों से अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न देने की अपील की है, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## कवि ध्रुव शर्मा का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अखिल भारतीय साहित्य परिषद् मध्य भारत प्रांत के तत्वावधान में प्रांतीय संगोष्ठी का आयोजन पचमढ़ी के निकट बनखेड़ी स्थित भाऊ साहब भुस्कुटे न्यास में किया गया। जिसमें नगर के कवि ध्रुव शर्मा बेचैन को उनके आलेख लेखन एवं प्रस्तुतिकरण के लिए सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में परिवहन व शिक्षा मंत्री मध्य प्रदेश शासन उदय प्रताप सिंह तथा चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल , ऋषि कुमार मिश्रा राष्ट्रीय महामंत्री अखिल भारतीय साहित्य परिषद, डॉ. कुमार संजीव प्रांत अध्यक्ष अखिल भारतीय साहित्य परिषद, आशुतोष शर्मा प्रांत महामंत्री अखिल भारतीय साहित्य परिषद उपस्थित थे। साहित्य के प्रदेय विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी में मध्य भारत प्रांत के प्रमुख साहित्यकारों ने अपने विचार व्यक्त किए। उद्घाटन सत्र के उपरांत प्रथम सत्र में नगर के युवा कवि ध्रुव शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए और उन्होंने विदिशा जिले के सांस्कृतिक वैभव को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री सत्येंद्र सत्यज, जिला मंत्री संतोष विश्वकर्मा, युवा साहित्यकार रामसेवक रघुवंशी,अनुज भार्गव सहित कई साहित्यकार मौजूद रहे।

## अतिथि शिक्षक संगठन ने मांगों को लेकर दिया ज्ञापन




**गंजबासौदा।** अतिथि शिक्षक संगठन ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम एक ज्ञापन एसडीएम विजय राय को सौंपा। जिसमे कहा गया है कि अतिथि शिक्षकों को नवीन सत्र 2024-2025 में प्राथमिकता के आधार पर रखा जायें तथा नवीन पंजीयन आवेदन पर रोक लगाई जाऐ। अतिथि शिक्षक अपने अधिकारों के लिये 181 पर शिकायत दर्ज कराते हैं तो संकुल प्राचार्य बीईओ और डीईओ द्वारा शिकायत वापिस लेने का दवाव बनाया जाता है। इसका निराकरण किया जायें, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 2 सितम्बर 2023 को अतिथि शिक्षकों के संबंध में जो घोषणा की गई थी, उन्हें शीघ्र लागू किया जाए। पूर्व में शालाओं से अपनी सेवा से बाहर हुए अतिथि शिक्षकों को पुनः सेवा में लिया जायें। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष राकेश कुशवाह, बासौदा ब्लॉक अध्यक्ष कीर्ति शैलेन्द्र राजपूत, नटेरन ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश जैन, उपाध्यक्ष संदीप शर्मा सहित बासौदा ब्लॉक के सभी अतिथि शिक्षक सम्मिलित हुए।

## नशा मुक्ति अभियान का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस अंतर्गत 20 से 26 जून तक चलाए गए नशा मुक्ति अभियान का बुधवार को समापन हो गया। इस अवसर पर तहसील के पटवारी सभागृह में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जनपद पंचायत अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, एसडीएम विजय राय, एसडीओपी मनोज मिश्रा, सिटी थाना प्रभारी संजीव चौकसे, देहात थाना प्रभारी हरिकिशन लोहिया, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, ऑटो यूनियन एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। 20 से 26 जून तक चलाए गए नशा मुक्ति अभियान के दौरान पुलिस द्वारा विभिन्न जगहों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। नुक्कड़ सभाएं एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को लगातार जागरूक किया गया, स्कूली बच्चों एवं पुलिस प्रशासन द्वारा नशा मुक्त रैली का आयोजन कर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। समापन के दौरान नगर के गणमान्य नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पुलिस एवं प्रशासन द्वारा नशा मुक्ति सप्ताह का समापन किया गया, जिसमें नशा मुक्त समाज के लक्ष्य के लिए समस्त आम लोगों की जन भागीदारी को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया एवं समस्त लोगों के सुझावों को भी सुना गया तथा नशा, उनके दुष्परिणाम, बचाव हेतु नशा मुक्ति से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए।

## न्यायालय के आदेश के बाद खाली कराई दुकानें



**गंजबासौदा।** न्यायालय के आदेश के बाद बुधवार को टीटी जैन पाठशाला ट्रस्ट की चार दुकान पुलिस बल की मौजूदगी में खाली कराई गईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन रोड पर सहकारी बैंक परिसर के पास और गुड्डू भोजनालय के सामने टीटी जैन पाठशाला ट्रस्ट की दुकानें बनी हैं। इनमें से चार दुकानों का मामला न्यायालय में चल रहा था। इस मामले में न्यायालय के आदेश पर बुधवार को न्यायालयीन कर्मचारियों, पुलिस बल की मौजूदगी में चार दुकानों को खाली कराया गया।

### आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया

## देहात थाना पुलिस ने अड़ीबाज का निकाला जुलूस





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

देहात थाना पुलिस ने गत दिवस देहात थाने के सामने ही दिन दहाड़े अड़ीबाजी कर फरियादी को ब्लेड मारने वाले बदमाश इरफान खान को 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को राजेन्द्र नगर में देहात थाने के सामने ही बदमाश इरफान खान ने अड़ीबाजी करते हुए विकाश कुशवाह उम्र 22 साल निवासी राजेन्द्र नगर को ब्लेड मारकर घायल कर दिया था और घटना के बाद फरार हो गया था। जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एवं एसडीओपी मनोज मिश्रा के मार्गदर्शन में टीम गठित की गई। इस टीम ने आरोपी को विदिशा अग्रवाल ढाबा के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी इरफान खान के विरुद्ध धारा 294, 323, 327, 324, 506 भादंवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा घटना में प्रयुक्त ब्लेड को जब्त किया गया। जिसके बाद उसका राजेन्द्र नगर में जुलूस निकाला गया। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में कई गंभीर अपराध पंजीबद्ध हैं, आरोपी थाने की गुण्डा लिस्ट में भी शामिल है। आरोपी के विरुद्ध जिलाबदर सहित अन्य प्रतिबंधात्मक कार्यवाई की जा रही हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में हरिकिशन लोहिया, गौरव वाजपेई, केशरी प्रसाद शर्मा, विपिन सिहं जादौन, सुरेश यादव, प्रमेन्द्र नामदेव, वीरेन्द्र पाल, पवन जैन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## गर्मी में पेयजल के लिए विद्यार्थी हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

लोक शिक्षण संचनालय भोपाल द्वारा जिला शिक्षाधिकारियों को अपने अपने जिले मे गर्मी की स्थिति देखकर सुबह की शालाएं करने के अधिकार दिए गये थे। इस संबंध मे शासकीय शिक्षक संगठन ने जिला शिक्षाधिकारी को ज्ञापन भी दिया था और कई जिलों में प्रातः से शालाएं संचालित भी हो रही हैं। पर विदिशा जिले में ऐसी भीषण गर्मी पड़ने पर भी शालाओं के समय में परिवर्तन नही किया गया। वहीं दूसरी ओर विधान सभा चुनाव पूर्व शासन द्वारा अध्यापकों को प्रथम, द्वितीय क्रमोन्नति लगाने के आदेश दिए गये थे। लेकिन जिले के शिक्षा विभाग के अधिकारी और लिपिक तारीख पर तारीख देते रहते हैं और आज दिनांक तक क्रमोन्नति के आदेश जारी नहीं हुए हैं। मध्यप्रदेश शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने कलेक्टर से इस सम्बंध मे ध्यान देकर त्वरित कार्रवाई करने एवं शाला समय में अविलंब परिवर्तन करने का अनुरोध किया है। वहीं अधिकारी, कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिला महामंत्री उमराव सिंह कुशवाह, राज्य कर्मचारी संघ के हरीसिंह चौहान, शिक्षक कार्ग्रेस के अवध सक्सेना, संदेश मिश्रा ने कहा कि पता नहीं हमारे विभाग के अधिकारी लिपिक क्या चाहते हैं, उन्हे ना ही छात्र हित की चिंता है ना ही शिक्षक हित की। अजाक्स के लम्पूराम अहिरवार, संजय अहिरवार ने कहा कि शिक्षा विभाग शिक्षकों और छात्रों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहा है। शिक्षक संगठन के अमरसिंह तोमर, संजीव रघुवंशी, विनोद श्रीवास्तव, अरूण पाण्डे ने एक स्वर मे शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि आप लोग संवेदनशील होकर छात्र और शिक्षक हित सोचें। सिर्फ आदेश पालन करना, शिक्षकों पर कार्रवाई करना ही अपना कर्तव्य ना समझे साथ ही जिले के कर्मचारी नेताओ को अपने अपने काम निकालने अधिकारियों से बुराई ना लेने की प्रवृति छोड़कर शिक्षक हित में सोचना पडेगा। वहीं शिक्षक संघ के नारायण सिंह रघुवंशी, शिवनारायण सक्सेना ने कहा कि कहीं ऐसी स्थिति निर्मित ना हो जाए कि शिक्षकों और छात्रों को जिले के शिक्षा विभाग के अधिकारियों, लिपिकों की कार्यप्रणाली के खिलाफ सड़कों पर आना पड़े। महिला शक्ति किरण चौरसिया, माधवी भाटिया, मधुलता अग्रवाल, अनीता ठाकुर, संध्या शर्मा, प्रेमिला रघुवंशी,श्रद्धा श्रीवास्तव, कांता अहिरवार ने भी शिक्षा विभाग पर आक्रोश व्यक्त किया।

# निर्मला कॉन्वेट स्कूल के विद्यार्थियों ने रैली निकालकर दिया नशा मुक्ति का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर निर्मला कान्वेट हायर सेकंडरी स्कूल के विद्यार्थियो के द्वारा जनजागरण हेतु रैली निकालते हुए नशा मुक्ति का संदेश दिया। विद्यालय प्रांगण से छात्र-छात्राएं हाथों में नशा मुक्ति के संदेश की तख्ती लिए नशा मुक्ति के नारे लगाते हुए मुख्य नगर पालिका चौराहा होते हुए नवीन बस स्टैंड पहुंचे जहां पर विद्यार्थियो के द्वारा नशा मुक्ति का संदेश देते हुए गीत गाकर नशा न करना, मान लो कहना की प्रस्तुति दी। इसके उपरांत विद्यालय के

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समझाए नशे के दुष्प्रभाव

कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों के द्वारा नशे का दुष्परिणाम को उत्कीर्ण करते हुए नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों के द्वारा संदेश दिया गया कि नशे की चपेट में आने से मात्र एक व्यक्ति का जीवन प्रभावित नहीं होता। बल्कि उसका पूरा परिवार नशे के कारण प्रभावित होता है। इसलिये हमें कभी भी नशा नहीं करना चाहिये। नुक्कड़ नाटक प्रस्तुति के उपरांत विद्यार्थियों के द्वारा उपस्थित व्यक्तियों से नशा छोड़ने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिरोंज थाने से सब इंस्पेक्टर कमलेश सिकरवार तथा विशेष अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सचिन शर्मा उपस्थित रहे। संचालन वरिष्ठ शिक्षक अनिल जैन एवं प्रकाश नारायण शर्मा द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रबंधक फादर एण्टोनी, प्राचार्य सिस्टर टेन्सी, उप प्राचार्य सिस्टर नेल्सी, श्रीमती प्रियंवदा शर्मा,, रफत उल्लाह, अल्ताफ अहमद, आरिफ, जफर खान, एडबिन, राजेश जैन,महेन्द्र भार्गव सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।



### एसडीएम ने स्टेशनरी दुकानों निरीक्षण कर 10 से 15% डिस्काउंट देने का कहा

# अभिभावकों ने एसडीएम से की शिकायत महंगे दामों पर मिल रही कॉपी-किताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नए सत्र के प्रारंभ होते ही नगर की स्टेशनरी दुकानों पर काफी भीड़ देखी जा रहा है। तो वही प्राइवेट स्कूल संचालकों ने भी कॉपी-किताब, स्टेशनरी की लिस्ट अभिभावकों को थमा दी है। इसी के साथ पिछली बार की अपेक्षा इस साल किताबों की कीमत में 5 से 10 फीसदी का अतिरिक्त इजाफा हुआ है। किताबों की बढ़ी कीमतों का भार अभिभावकों की जेब पर वार कर रहा है। सुबह से देर रात तक बुक्स व स्टेशनर्स की दुकानों पर अभिभावकों की भीड़ लगी रही। हालांकि कुछ स्कूल संचालकों ने किताब के बोझ को कम करने के लिए कुछ किताबें कम जरूर की हैं। मगर वो जेब ढीली होने से बचाने के लिए नाकाफी हैं। इसी के साथ यूनिफार्म व शूज के लिए भी रेडिमेड दुकानों व टेलर्स के पास अभिभावक पहुच रहें है।

### अभिभावकों की शिकायत पर निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम

एक ही दुकान-गोदाम से महंगी किताबें-कोपियां खरीदने के लिए मजबूर हो रहे अभिभावकों ने परेशान होकर एसडीएम से शिकायत की। अभिभावकों का कहना है कि आम तौर पर उन्हें बताया जाता है कि किसी अन्य जगह से खरीदी हुई कॉपियां यूनिफॉर्म मान्य नहीं होंगी। अभिभावक बच्चों का भविष्य खराब न हो, इसलिए अब तक वे निर्धारित दुकानों से ही महंगी किताबें व कॉपियां खरीदते रहे हैं। जबकि नियम यह है कि कोई भी संस्था बच्चों को किताबों, यूनिफॉर्म के लिए किसी ब्रांड अथवा दुकान के लिए बच्चों को बाध्य नहीं कर सकते। शहर के कुछ संस्थानों ने कॉपी-किताब व यूनिफार्म के लिए निर्धारित दुकानों से टाइअप कर रखा है। जैसे ही अभिभावक बच्चे का रिजल्ट या एडमिशन फॉर्म लेने जाते हैं तो उन्हें दुकानों के विजिटिंग कार्ड भी दिए जाते हैं। अभिभावक जब दुकानों पर जाते हैं तो उनसे किताबों-कापियों, यूनिफार्म व शूज के मनमाने दाम वसूल किए जाते हैं। जिसकी शिकायत पर मंगलवार को एसडीएम हर्षल चौधरी ने बीईओ उमेश सोनी के साथ नगर के हाजीपुर में संचालित हरिओम जनरल स्टोर, दीपक जनरल स्टोर सहित अन्य स्टेशनरी दुकानों का निरीक्षण किया। वही एसडीएम हर्षल चौधरी ने दुकान संचालको को 10 से 15 प्रतिशत डिस्काउंट पर अभिभावकों को किताब-कोपियां देने की बात कही।

### प्राइवेट स्कूल संचालको की आज बैठक लेंगे एसडीएम -



नगर के शासकीय सी.एम राइज स्कूल में आज दोपहर 3 बजें विकासखण्ड सिरोंज के समस्त अशासकीय शिक्षण सस्थाओं के संचालक व प्राचार्यो की एसडीएम हर्षल चौधरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें विकासखण्ड के समस्त अशासकीय संस्थाओं के संचालक व प्राचार्य मौजूद रहेगें। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी उमेश सोनी ने बताया कि बैठक में संस्था के संचालक व प्राचार्य अनिवार्यत उपस्थित होगें। उक्त बैठक में संस्था के प्रतिनिधि मान्य नही होगें।



# एसडीएम ने आउटसोर्स कर्मियों को रस पिलाकर तुड़वाई हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय के बाहर पिछले 5-6 दिनो से लगातार धरना प्रदर्शन पर बैठे आउटसोर्स कर्मचारियों ने विगत एक दिन पूर्व जिला मुख्यालय पहुचकर रैली निकालकर अपनी मांगो को लेकर कलेक्टर व श्रम पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। तो वही पूर्व विधायक कांग्रेस प्रत्याशी एडवोकेट सुभाष बोहत ने बुधवार को सिरोंज पहुचकर आउटसोर्स कर्मचारियो को अपना समर्थन दिया। साथ ही आउटसोर्स कर्मचारियो के साथ रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुचकर एसडीएम हर्षल चौधरी को ज्ञापन सौपा और हड़ताल पर बैठे आउटसोर्स कर्मचारी,माताओं,बहनो की समस्या का समाधान करवाकर धरना प्रदर्शन समाप्त की बात कही। जिस पर एसडीएम हर्षल चौधरी ने कहा कि कर्मचारियो को समय पर वेतन मिले इसके लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे इसके अलावा कर्मचारियों को अपमानित करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी। जो सफाई कर्मचारी आउटसोर्स कर्मचारियो का समर्थन कर रहा था उक्त कर्मचारी को हटाया गया था।

### 6 दिन बाद आम रस के साथ हड़ताल समाप्त

वेतन बढाने व समय पर वेतन न मिलने की मांग को लेकर पिछले 5-6 दिनों से सिविल अस्पताल के बाहर हड़ताल पर बैठे आउटसोर्स कर्मचारी, डाटा एंट्री ऑपरेटर, सपोर्ट स्टाफ, मल्टी टास्किंग वर्कर, सुरक्षा गार्ड एवं सफाई के पास बुधवार को एसडीएम हर्षल चौधरी पहुचें। एसडीएम ने कर्मचारियो की मांगो का जल्द से जल्द निराकरण करने की बात कही। साथ ही सभी कर्मचारियो को स्वंय आम का रस पिलाकर 6 दिन से चल रही हड़ताल को समाप्त कराया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता एडवोकेट सुभाष बोहत ने कहा कि आउटसोर्स कर्मचारी को वेतन दिए जाने की जिम्मेदारी कंपनी की है न कि शासन प्रशासन तो मध्यस्थता करके कर्मचारियों को वेतन दिलाने का काम कर सकते हैं। उन्होने कहा कि वह जिले भर के मजदूर,किसान,व्यापारी,अनुसूचित जाति,जनजाति वर्ग के हर व्यक्ति के साथ हमेशा खड़े रहेंगे। एसडीएम हषर्ल चौधरी का आभार व्यक्त किया। जिला मुख्यालय पर रैली धरना प्रदर्शन और ज्ञापन के बाद कर्मचारियों को दो माह का वेतन उनके अकाउंट में डाला गया है। बोहत ने कहा कि कर्मचारियों को नियुक्ति आदेश नहीं मिला है। पूर्व की कंपनियों ने कर्मचारियों को नियुक्ति आदेश दिया था। जितना वेतन जिस कार्य के लिए निर्धारित किया गया है।

## रोटरी क्लब विदिशा की कार्यकारिणी का गठन

**विदिशा।** आगामी सत्र 1 जुलाई से प्रारंभ होने वाले रोटरी क्लब की कार्यकारिणी का गठन हुआ ।







जिसमें अध्यक्ष दीपेश यादव ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ जनार्दन सिंह जादौन, उपाध्यक्ष राजू साहू , इंजी शांतनु खत्री, सहसचिव रितेश कपूर, कोषाध्यक्ष जितेंद्र रघुवंशी, सहकोषाध्यक्ष पंकज जैन, सचेतक सौरभ अग्रवाल, मीडिया प्रभारी गिरीश जैन नियुक्त हुए। डिस्ट्रिक्ट द्वारा सहायक मंडल अध्यक्ष मनोज जैन नियुक्त हुए। क्लब का इंस्टालेशन कार्यक्रम 13 जुलाई को विनायक बैंक्विट हॉल में रात को 8 बजे होगा। जिसमें नवीन कार्यकारी शपथ लेगी। रोटरी क्लब विदिशा के अध्यक्ष दीपेश यादव ने कहा हमारी नई टीम सामुदायिक सेवा, सामाजिक उत्थान और विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

# ब्रह्माकुमारीज एवं सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हुआ नशा मुक्त भारत कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

ब्रह्माकुमारीज़ और सामाजिक न्याय विभाग एवं सशक्तिकरण विभाग ने आज अपने संयुक्त प्रयास से नगर के लोगों को नशा मुक्त भारत बनाने हेतु जागृत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी पी.सी. शर्मा, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर आरएओ, मेजर गजराज यादव, अनिरुद्ध डिमहा और समाजिक न्याय विभाग के जॉइंट डायरेक्टर डी एस यादव शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत बीके छाया द्वारा स्वागत भाषण एवम तिलक बेज़ से किया गया । जिला पंचायत मुख्य कार्य पालन अधिकारी पीसी शर्मा ने जन सामान्य को कहा कि अगर जीवन नशा करने ही है तो ईश्वरीय भक्ति का नशा, सत्य का नशा कर किसी की भलाई करने का नशा करें ताकि अपने साथ औरां का भी कल्याण हो सके। डॉ आरएओ ने सभी को नशे से होने वाले सामाजिक, आर्थिक हानियों पर प्रकाश डाला और कहा कि नशा सिर्फ एक व्यक्ति करता है परंतु उसके दुष्परिणाम पूरा परिवार और समाज भोगता है। अनिरुद्ध डिमहा ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति कुछ ही दिन से नशे की चपेट में है तो उसे उसके व्यवहार से जैसे चिड़चिड़ाहट, अकेलापन




से लगा सकते है और ऐसे बच्चों को अगर शुरू में ही इमोशनल सपोर्ट मिल जाता है तो वे बच्चे नशे के जाल में फंसने से बच सकते है। मेजर गजराज ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर एक एक व्यक्ति अपनी नैतिक जिम्मेबारी ले तो हमारा देश निश्चित ही बदलेगा। स्वस्थ भी होगा स्वच्छ भी होगा और व्यसन मुक्त भी होगा। माउंट आबू से आये बीके उत्तम ने भी सभी के प्रति अपने शुभ भावना व्यक्त की।

कार्यक्रम का संचालन बीके खुशबू ने किया एवं कार्यक्रम का आभार डी एस यादव ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में अजंता ललित कला जनकल्याण समिति, अंजिनी जन कल्याण समिति, अशोका फाउंडेशन समिति, लोकगीत समिति सागर, कल्पधाम ग्रुप के संचालक पुरूषोत्तम चौरसिया, कैलाश चौरसिया, तिली वार्ड पार्षद मनोज चौरसिया, संजीव सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

## नशामुक्ति अभियान के समापन पर जागरुक किया गया

**ग्यारसपुर।** स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में नशा मुक्ति अभियान का समापन किया गया।थाना प्रभारी सीमा राय एवं पुलिस स्टाफ द्वारा बस स्टैंड ग्यारसपुर में नशामुक्ति अभियान का समापन स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में नशे से होने वाले दुष्परिणाम एवं नशे से होने वाली बीमारियों के संबंध में जागरूक किया गया। 20 जून से 26 जून तक चलाए गए नशा मुक्ति अभियान के संबंध में आम जन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को नशा विरोधी जन जागरूकता लाने के संबंध में विभिन्न प्रकार के नशा, उनके दुष्परिणाम, बचाव एवं जन जागरूकता के माध्यम से सुधार करने आदि के संबंध में चर्चा करते हुए सहयोग की अपेक्षा की गई ओर शपथ दिलाई गई । शपथ के दौरान सरपंच राजू कुशवाह, जनपद उपाध्यक्ष प्रीति शंकर दयाल शर्मा प्रताप सिंह रघुवंशी, लीलाधर कुशवाहा,लाईक खान, कमल सिंह रघुवंशी, प्रधान आरक्षक शुभम यादव, भूपेंद्र यादव, सहित स्थानीय पत्रकार मौजूद रहे ।

# समर्थन मूल्य पर मूंग बेचने किसानों ने कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

तीसरी फसल के रूप में क्षेत्र के हजारो किसानों द्वारा गर्मी के दिनो में मूंग की प्रमुखता से खेती की जा रही है। मात्र 2 माह में पक कर तैयार हो जाने वाली मूंग की खेती कर किसानों की सम्पन्नता भी बढ रही है। क्षेत्र के गांव-गांव में भीषण गर्मी में मूंग के खेतो की हरियाली दिखलाई देती रही। पिछले 8-10 दिनों से संपूर्ण क्षेत्र में मूंग के पकने के अनुसार हाथ कटाई या हार्वेस्टर का उपयोग कर मूंग निकालने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। समर्थन मूल्य पर मूंग बैंचने बाड़ी, बरेली, उदयपुरा तहसीलों के हजारों किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया। हजारों किसानों की मूंग कट कर तैयार हो गई। अब किसानों को समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी शुरू होने का बेसब्री से इंतजार बना हुआ है।

जिन हजारों किसानों ने मूंग की कटाई कर फसल तैयार कर ली अपनी आर्थिक जरूरतो को पूरा करने मूंग मंडी में लाकर बैंच रहे है। मूंग का समर्थन मूल्य साढे आठ हजार रुपए क्विंटल के आसपास है, जबकि मंडी में मूंग के भाव 7 से 8 हजार रुपए क्विंटल के बीच बने हुए है। समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीद प्रारंभ होने से पूर्व केंद्र बनाकर उनकी घोषणा की जाती है। अभी तक सबकुछ प्रक्रिया में चल रहा है। शीघ्र बारिश भी शुरू होने वाली है। किसानों को मूंग बारिश पानी में खराब होने का भय भी सताने लगा है। ऐसी भी चर्चा बनी हुई है। कि इस बार मूंग की भावान्तर योजना के अन्तर्गत किसानों को बैंचने पर लाभ दिया जा सकता है।

## सेंट्रल बैंक के पास कंप्यूटर दुकान में लगी आग

**बरेली।** सोमवार की रात में सेंट्रल बैंक के पास गली में संचालित होने वाली श्रीजी कम्प्यूटर दुकान में आग लग गई। दुकान में रखी सामग्री जल कर खाक हो गई। नगर व्यापारी संघ के पदाधिकारियों द्वारा आगजनी वाली दुकान का निरीक्षण किया और हर संभव मदद का भरोसा दिया। व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों ने पीड़ित दुकानदार को आर्थिक मदद दिलाने का अनुरोध एसडीएम से अनुरोध किया है। नगर व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने आग से बचाव के लिए दुकानों, प्रतिष्ठानों में अग्निशामक यंत्रों की व्यवस्था अनिवार्य रूप से किए जाने और सावधानी में ही सुरक्षा संभव है का पालन किए जाने का अनुरोध दुकानदारों से किया है।



## जैन कॉलेज में पौधरोपण और रक्तदन किया गया

**विदिशा।** जैन कॉलेज में सेठ दीपक जैन की स्मृति में रक्तदान शिविर एवं पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। इस दौरान 27 यूनिट रक्तदान हुआ वहीं कालेज परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया और उन्हें संरक्षण करने का संकल्प लिया। सर्वप्रथम कुमारी सोयल एवं सेठ दीपक जैन की फोटो पर पुष्प अर्पित कर सभी ने श्रद्धांजलि दी । कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें महावीर इंटरनेशनल से राजकुमार गुप्ता जैन गुरुवर सेवा समिति मनीष मध्यप्रदेश रक्त सहायता समिति से उदय हजारी जिला अस्पताल ब्लड बैंक से डॉक्टर धर्मेंद्र रघुवंशी एवं महाविद्यालय स्टाफ का सहयोग रहा। महाविद्यालय शासी निकाय अध्यक्ष सेठ संजय जैन ने कहा स्वस्थ व्यक्ति को प्रत्येक तीन माह में रक्तदान करना चाहिए और कहा शिक्षण संस्थाओं में पेड़ पौधों का विशेष महत्व होता है इससे संस्थान में शीतल माहौल बना रहता है विद्यार्थियों को बैठने की जगह मिलती है।

### बरेली-बाड़ी क्षेत्र बासमती धान का बना विशेष उत्पादक क्षेत्र, कृषि विभाग में मैदानी अमले की भारी कमी

# प्रभारियों के भरोसे कृषि विभाग के प्रशिक्षण और योजनाएं

### खरीफ में धान का सीजन शुरू, कृषि वैज्ञानिकों की सलाह जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

बाड़ी-बरेली क्षेत्र बासमती धान का विशेष उत्पादन क्षेत्र बन गया है। 75-80 हजार हेक्टयर में बासमती धान की खेती कर किसानो द्वारा देश का चावल भंडार भरा जा रहा है। कृषि विभाग का मुख्यालय बाड़ी में है, जहॉ से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी निरंतर सेवानिवृत होने से मैदानी अमले की भारी कमी होने से क्षेत्र के हजारों किसानों द्वारा अपने अनुभव के आधार पर ही धान की खेती की जा रही है। धान की नई किस्तों, धान के बीजोपचार, धान के रोपा और




किस प्रकार अधिक उपज के लिए किसानों द्वारा नए गए तरीके अपनाना चाहिए प्रशिक्षण, कार्यशाला के अभाव में देश और प्रदेश की सरकारों द्वारा खेती को लाभ का धंधा बनाने प्रारंभ की गई योजनाओं से किसान अनविज्ञ बने रहते हैं। हजारों किसानों द्वारा बिना मिट्टी का परीक्षण कराए अनुमान से रासायनिक खादों का उपयोग किया जा रहा है। महंगी रासायनिक खादों की कमी से किसान परेशान बने हुए है। जैविक खेती का प्रचार प्रसार और किसानों में जागरूकता होना चाहिए उसमें भारी कमी और उदासीनता का माहौल बना नजर आ रहा है। जबकि क्षेत्र के ग्रामों में पशुओं की भारी संख्या है। गोबर गौमूत्र से विभिन्न प्रकार के फसलो को लाभकारी तत्व तैयार किए जा सकते है। कृषि विभाग के जिला, ब्लॉक अधिकारी और मैदानी अमला जैविक खेती के लिए अनुकूल वातावरण जागरूकता किसानों के बीच क्यों नहीं ला पा रहा यक्ष प्रश्न बना हुआ है।

### प्रशिक्षण की जरूरत

बाड़ी बरेली तहसीलों के हजारो किसान पिछले 15-20 वर्षो से धान की खेती कर रहे है। धान की खेती में आधुनिकता, नए तरीकों से अधिक उत्पादन लिया जा सकता है। इसके लिए किसानों को निरंतर प्रशिक्षण, मार्ग दर्शन जरूरी है। धान का सीजन शुरू हो रहा है, इसके प्रति उदासीनता का माहौल है। नक्तरा कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक बाड़ी, बरेली, उदयपुरा क्षेत्र में कृषक संगोष्ठी, प्रशिक्षण और अधिक उपज रोगो के नियंत्रण रोकथाम का प्रशिक्षण देकर भारी मदद और आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकते है।

### प्रभारियों के भरोसे

बाड़ी स्थित वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी का 45 महीनों से प्रभारी के भरोसे बना हुआ है। इसी प्रकार एसडीओ कृषि का पद भी प्रभारी के भरोसे बना हुआ है। बाड़ी ब्लाक में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के 30 पद स्वीकृत है। निरंतर सेवानिवृत होने से मात्र 6-8 के भरोसे बाड़ी जनपद के अंतर्गत आने वाली बाड़ी और बरेली तहसीलों के सवा दौ सौ ग्राम बने हुए है। सभी ग्रामों में खरीफ में बासमती धान की खेती रबी सीजन में गेहूं चना की खेती और अधिकांश ग्रामों में किसानो द्वारा गर्मी में मूंग की खेती की जा रही है। कृषि विभाग में मैदानी अमले की भारी कमी और प्रभारियों के भरोसे विभिन्न सरकारी योजनाओं कार्यक्रमो का कैसे संचालन हो पा रहा होगा समझा जा सकता है।

**म.प्र. जन अभियान परिषद् जिला विदिशा**
**(योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मध्यप्रदेश शासन)**
**पुराना कलेक्ट्रेट परिसर, कोषालय स्थापना शाखा का कक्ष**
फोन 07592-234609 ई-मेल dcjapvid@mp.gov.in, vid_dcjap@rediffmail.com

क्रं.-275/जि.ज.अ.प./वाहन/2024 विदिशा, दिनाँक 25.06.2024

:: **वाहन विज्ञप्ति** ::

म.प्र. जन अभियान परिषद जिला कार्यालय विदिशा में जिला समन्वयक कै क्षैत्रीय भ्रमण कार्य हेतु मासिक/दैनिक दरों पर चार पहिया वाहन जो कि वर्ष 2022 से पुराना ना हो एवे टैक्सी परिमिट पास हो (जी.एस.टी.को प्राथमिकता) के लिए दरें आमंत्रित की जाती है।निविदा की शर्ते एवं निविदा प्रपत्र म.प्र. जन अभियान परिषद जिला कार्यालय विदिशा, पुराना कलेक्ट्रेट परिसर, कोषालय स्थापना शाखा का कक्ष से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 03/07/2024 सांय 05 बजें तक हैं एवं निविदा उसी दिन सायं 05.30 बजें जिला कार्यालय में उपस्थित निविदाकर्ता के समक्ष खोली जावेगी।

**जिला समन्वयक**
**म.प्र. जन अभियान परिषद जिला विदिशा**

खबर संक्षेप

## मप्र पर्यटन प्रतियोगिता, 8 तक करा सकते पंजीयन

**रायसेन।** प्रदेश के बच्चों में प्रतियोगिता के माध्यम से प्रदेश के समृद्ध शाली इतिहास, परम्पराओं ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक रंगो, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरूषों, पर्यटन महत्व की संभावनाओं आदि से परिचित कराने तथा पर्यटन के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को विकसित करने के उद्देश्य से मप्र पर्यटन विभाग द्वारा जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के माध्यम से मप्र पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 27 जुलाई को किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 27 जुलाई को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रायसेन में प्रातः 8.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में शासकीय, अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं के छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। विद्यालय के प्राचार्य, प्रबंधन द्वारा वस्तुनिष्ठ प्रश्नमाला एवं क्विज के माध्यम से 3 श्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन कर टीम का पंजीयन 8 जुलाई तक ऑनलाइन किया जा सकता है।

## विद्युत व्यवस्था हेतु बिजली कार्मिकों को दिए निर्देश

**रायसेन।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा निरंतर विद्युत आपूर्ति की सुचारू व्यवस्था के लिये कंपनी कार्यक्षेत्र के 16 जिलों के बिजली कार्मिकों को 24 घंटे 7 दिवस अपने फोन चालू रखने के निर्देश जारी किए गए हैं।
गौरतलब है कि बारिश, आँधी, तूफान आदि के कारण विद्युत लाइनों में खराबी आने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित होने की संभावना होती है। इस दौरान आई खराबी एवं विद्युत लाइनों को दुरूस्त करने में काफी समय लग जाता है, जिसके कारण उपभोक्ताओं को निरंतर विद्युत आपूर्ति किए जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है।
इस दौरान उपभोक्ता शिकायतों की संख्या बढ़ने एवं उपभोक्ता असंतोष की स्थिति से निपटने के लिए मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अपने कार्यक्षेत्र के 16 जिलों के मैदानी अमले के साथ विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था से जुड़े नियमित/संविदा/सेवाप्रदाता कार्मिकों को 24 घंटे 7 दिवस एवं अवकाश के दौरान भी अपना मोबाइल फोन चालू रखने के निर्देश जारी किए गये हैं।
कंपनी ने बताया है कि किसी भी अधिकारी कर्मचारी का मोबाइल यदि विशेष कारणों से बंद भी होता है तो वे अन्य संपर्क सूत्र से अपने नियन्त्रणकर्ता अधिकारी को अवगत करायेंगे।

## मां ने नवजात को फेंका कंटीली झाड़ियों में
# ग्रामीणों की सजगता से बची बच्चे की जान, अस्पताल में कराया भर्ती



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

निर्दयी मॉ ने अपने जिगर के टुकड़े को मरने के लिए सड़क किनारे लगी कंटीली झाड़ियों में फेंक दिया, लेकिन कहावत है कि मारने वाले से बचाने वाला बड़ा होता है,ऐसा ही कुछ वाक्या तहसील के सियरमऊ ग्राम में सामने आया जहां कि एक निर्दयी मॉ ने अपने करीब पांच दिन के नवजात बच्चे को मरने के लिए कंटीली झाड़ियों में फेंक दिया लेकिन वह बच गया।

स्टेट हाईवे 15 पर स्थित तहसील के ग्राम सियरमऊ से टड़ा जाने वाले मार्ग पर सड़क किनारे स्थित खेत में लगी कंटीली बागुड़ के पास एक नवजात शिशु को शौच क्रिया के लिए गए ग्रामीण गंगाराम आदिवासी ने देखा, इसकी सूचना उसने ग्राम के लोगो को दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीण नवजात शिशु ग्राम में स्थित सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां पर कि नर्स भारती चौहान ने नवजात का उपचार किया, मामले की सूचना ग्रामीणो के द्वारा सिलवानी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा आदि की कार्रवाही की। नवजात शिशु का उपचार कर रही स्टाफ नर्स भारती चौहान ने बताया कि ग्रामीण नवजात को लेकर अस्पताल आए थे, उसके पूरे शरीर में कांटे लगे हुए थे तथा गले में फंदा भी था, कांटो को निकालकर उपचार किया गया।

बालक का वजन 3 किलो है तथा वह पूर्ण रुप से स्वस्थ्य है, बालक के दाएं हाथ में पंर्ची लगी हुई है जिस पर माता का नाम राजकुमारी तथा पिता का नाम मनीष अंकित है। बताया जा रहा है कि उक्त गभर्वती महिला जिला चिकित्सालय में 19 जून को भर्ती हुई थी, जिसने कि 21 जून को बच्चे को जन्म दिया और 25 जून को अस्पताल से छुटटी दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कोलुआ में युवक ने फांसी लगा कर की खुदकुशी

**सिलवानी।** थानांतर्गत पुलिस चौकी जैथारी के कोलुआ ग्राम में एक युवक के द्वारा घर पर ही फांसी का फंदा बना कर मौत को गले लगा लिए जाने के मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह कोलुआ ग्राम में हरिसेवक पिता परसोत्तम रैकवार 26 साल ने घर में ही खिड़की पर फांसी लगा का आत्महत्या कर ली।

## लोगों की जल्दबाजी कहीं उनकी जिंदगी पर न पड़ जाए भारी
# जल्दबाजी में जान खतरे में डालकर मालगाड़ी के नीचे से गुजरते हैं लोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

सलामतपुर रेलवे स्टेशन से हैरान कर देने वाली तस्वीरें सामने आई हैं। यहां लोग जल्दबाजी में अपनी अनमोल जिंदगी को खतरे में डालने से बाज़ नहीं आ रहे हैं। क्या पुरुष, क्या महिलाएं छोटे-छोटे बच्चे सहित रेलवे स्टेशन पर स्थित फुट ब्रिज की बजाए रेलवे ट्रैक पर खड़ी मालगाड़ी के नीचे से बड़े ही आराम से अपनी जान को खतरे में डालते हुए आते जाते हुए नज़र आ रहे हैं।

अगर इस दौरान रेलवे ट्रैक पर खड़ी ट्रेन ग्रीन सिगनल होने पर अचानक चल पड़े तो फिर इस रेलवे ट्रैक पर खड़ी मालगाड़ी के नीचे से अपनी जान को खतरे में डालकर गुजर रहे शख्स का क्या हाल हो सकता है। उसकी कल्पना करके भी जिस्म में सिहरन दौड़ जाती है। बता दें कि सलामतपुर रेलवे स्टेशन से लगी हुई राजीवनगर इंद्रानगर आदिवासी बस्ती है। जहां के रहवासी दिन में कई बार अपनी जरूरत के कामों के लिए रेलवे पटरी के इस पार से उस पार आते जाते हैं।

इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल होते हैं। हालांकि रेलवे स्टेशन पर एक साइड से दूसरे साइड जाने के लिए फुट ओवरब्रिज भी है। इसके बावजूद लोग जल्दबाजी में होते हैं और अपनी जान जोखिम में डालकर रेलवे स्टेशन पर खड़ी मालगाड़ी ट्रेन के नीचे से निकलते हैं।

### स्टेशन पर नहीं रहते आरपीएफ जीआरपी के जवान

*सलामतपुर स्टेशन पर रेलवे पुलिस के आरपीएफ या जीआरपी के जवान मौजूद नही रहते हैं। जबकि यह स्टेशन दिल्ली मुंबई मेन रेलवे ट्रैक के बीच में पड़ने वाला स्टेशन है।यहां पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। जब कभी कोई ट्रेन से कट जाए या आत्महत्या कर ले। उस समय भी रेलवे पुलिस भोपाल या विदिशा से मोके पर आती है। जिसमें काफी समय लग जाता है। और इतने समय तक शव रेलवे लाइनों पर ही पड़ा रहता है। वहीं आसपास बस्तियों के ग्रामीण भी अपनी जान जोखिम में डालकर ट्रेन के नीचे से निकलते हैं। इतना सब होने के बाद भी रेलवे विभाग का रवैया गैरजिम्मेदाराना बना हुआ है।*

### कई ग्रामीण हो चुके हादसे का शिकार

सलामतपुर रेलवे स्टेशन पर खड़ी हुई ट्रेन के नीचे से निकलने के दौरान राजीवनगर के कई ग्रामीण दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। उसके बाद भी स्थानीय ग्रामीण ट्रेन के नीचे से निकलना नही छोड़ रहे हैं। जबकि 2 ग्रामीण ट्रेन के नीचे से निकल रहे थे उसी समय अचानक ट्रेन चल पड़ी और वह ट्रेन के पहियों के नीचे आकर मौत के आगोश में समा गए।

### इनका कहना है...

आदिवासी बस्ती के लोगों को जान जोखिम में डालकर रेलवे पटरी क्रॉस करके ट्रेन के नीचे से नहीं निकलना चाहिए। जबकि रेलवे ने लोगों की सहूलियत के लिए फुट ओवरब्रिज का निर्माण भी करा रखा है। उसके बाद भी यह लोग ट्रेन के नीचे से निकलते हैं। इस पर रोक लगना चाहिए।
**रघुवीर सिंह मीणा**, सरपंच रातातलाई

### फुट ओवरब्रिज होने के बाद भी निकलते है ट्रेन के नीचे से

*सलामतपुर स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण इसलिए करवाया गया था कि लोग आसानी के साथ सुरक्षित तरीके से इस और दूसरी और जा सकें। ताकि उन्हें रेलवे लाइन क्रॉस ना करना पड़े। लेकिन राजीव नगर और इंद्रानगर के लोग फुट ओवरब्रिज का इस्तेमाल नही करते हुए रेलवे पटरी क्रॉस करके आते जाते हैं। कई बार जब ट्रेक पर मालगाड़ी खड़ी रहती है तो यह लोग उसके नीचे से निकलते हैं। रेलवे पटरी पार करने के दौरान भी यह लोग रेलगाड़ी और मालगाड़ी के गुजरने का इंतजार तक नहीं करते। कई बार सिग्नल नहीं मिलने पर एक्सप्रेस और मालगाड़ी स्टेशन पर आकर खड़ी हो जाती हैं। ऐसे में लोग 5 से 10 मिनिट तक रुकने की बजाए खड़ी ट्रेन के नीचे से निकलने में भी गुरेज नहीं करते हैं। जिसकी वजह से दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। वहीं स्टेशन पर मौजूद जिम्मेदार अधिकारी भी इस और ध्यान नही दे रहे हैं।*

# वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण रोकने में नाकाम हो रहा वन विभाग का अमला

## वन भूमि को खेती योग बनाने का सिलसिला जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

वन विभाग द्वारा वनों में हो रही है आदेश कटाई आवेदन अतिक्रमण के साथ अवैध गतिविधियों की रोकथाम में गंभीरता नजर नहीं आ रही है प्रतिदिन माफिया द्वारा अवैध रूप से वन भूमि पर कब्जा कर कृषि योग्य बनाया जा रहा है जिसको लेकर लगातार खबरें सुर्खियों में रहने के बाद भी विभाग उदासीन व लापरवाह बना हुआ है। सूत्रों की माने तो रेहटी क्षेत्र में वन भूमि पर अतिक्रमण का वन भूमि को खेती योग बनाने का सिलसिला जारी है। विभाग आंख मूंदकर बैठा हुआ है



सरेआम बाइक एवं चार पहिया वाहन से सगौन की सिल्लियों का परिवहन किया जा रहा है। लेकिन विभाग का इस और भी कोई ध्यान नहीं है दिखावे के लिए छोटी-मोटी करवाई कर दी जाती है।जहॉ एक और वनों का विनाश हो रहा है तो वहीं दूसरी और रेहटी- क्षेत्र में चल रहा है मार्टो में भी अवैध रूप से लड़कियों का परिवहन किया जा रहा है। फर्नीचर मार्टो का लाइसेंस किस हिसाब से वितरित किया गया यही समझ से परे है एक और जहां सरकार पौधरोपण एवं पर्यावरण बचाने के लिए तरह-तरह के प्रयास कर रही है। वन परिक्षेत्र में लगातार जंगलों की कटाई चल रही है। दिन के उजाले के साथ-साथ रात में भी लड़कियों का परिवहन माफिया द्वारा किया जा रहा है जो आम जनता को तो दिख रहा है लेकिन रेहटी वन परिक्षेत्र के अधिकारी और कर्मचारियों को नहीं दिखाई दे रहा है। लगातार खबरें आने के बाद भी विभाग सोया हुआ है माफिया द्वारा जंगल का विनाश किया जा रहा है।

# ठेकेदार ने रोड पर जगह-जगह लगाए रेत-गिट्टी के ढेर, ग्रामीण हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

रायसेन जिले के सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले कई गावों बिछाई जा रही नल- जल योजना अंतर्गत पाइप लाइन के लिए सीसी रोड को खोदा जा रहा है। जिसके कारण ग्रामीणों और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर स्थित कुल्हाड़िया गांव से नरखेडा होते हुए कई गांव के लिए कुछ साल पहले सरकार द्वारा आरसीसी रोड बनाया गया था इसी रोड से होते हुए सरार, बरजोर पुर, संग्रामपुर, अन्नतपुरा, सेमरी, सरार खेड़ा, नीनोद, कोली खेड़ा, दाहिडा, नर खेड़ा का खेड़ा आदि गांव के अंदर प्रवेश करने वाली सड़क मार्गों पर उक्त ठेकेदार ने 1 महीने पहले पाइप लाइन बिछाने के लिए सुरक्षित सीमेंट-कांक्रीट की सड़क जगह-जगह से खोदी थी। कुछ वर्ष पहले ही आरसीसी सड़क का निर्माण हुआ था। पाइपलाइन बिछाने के बाद ठेकेदार द्वारा रोड को दुरुस्त करने के लिए रोड पर ही रेत गिट्टी के जगह-जगह ढेर लगा दिए हैं।



जिससे मोटरसाइकिल चालक और फोर व्हीलर चालक 5 दिन से परेशान हो रहे हैं। रामदयाल लोधी, ओम प्रकाश लोधी, चिरंजी लाल लोधी, सुरेश लोधी, धनीराम लोधी, आदि ग्रामीणों का कहना है कि हम लोग 5 दिन से परेशान हो रहे हैं हमारे ट्रैक्टर ट्रॉली, और अन्य वाहन रेत गिट्टी के कारण निकल नहीं पा रहे हैं। मोटरसाइकिल चालक रेत पर स्लिप हो रहें हैं। ठेकेदार को शीघ्र से शीघ्र रोड पर से मिट्टी रेत हटाना चाहिए। जिससे आम लोगों को आने-जाने में सहूलियत मिल सके।

# ल्यूपिन फाउंडेशन मंडीदीप ने 106 टीबी मरीजों को लिया गोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

डॉ देशबंधु गुप्ता की पुण्यतिथि के अवसर पर ल्यूपिन फाउंडेशन मंडीदीप द्वारा 106 टीबी मरीजों को 6 माह के लिए गोद लेकर निक्षय मित्र बन पोषण आहार प्रदाय किया। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा भारत को 2025 तक की टीबी मुक्त करने की घोषणा की है। जिसके अंतर्गत प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की गई है।

जिसका प्रमुख उद्देश्य टीबी मरीजों को सामाजिक सहयोग से पोषण आहार एवम अन्य सहयोग उपलब्ध कराना है। इसी तारतम्य में आज लूपिन फाउंडेशन द्वारा 106 टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण आहार प्रदान किया। लूपिन



फाउंडेशन के मंडीदीप प्रभारी श्री राजीव पुरी ने टीबी मरीजों को हर तरह की मदद का आश्वासन दिया। कलेक्टर रायसेन अरविंद दुबे महोदय के निर्देश अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश खत्री एवम जिला क्षय अधिकारी डॉ यशपाल बाल्यान के प्रयासों से लगातार टीबी मरीजों को सहायता प्रदान की जा रही है।

कार्यक्रम के समन्वय में सुशील लूपिन फाउंडेशन ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया। कार्यक्रम का आयोजन मंडीदीप सिविल अस्पताल प्रभारी डॉ विवेक नागर के सहयोग से किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप शर्मा एसटीएस एवम डॉ आरती गंगवार जिला कार्यक्रम समन्वयक द्वारा किया।

## भोपाल-विदिशा हाईवे 18 पर बाइक चालक गाय से टकराकर घायल

**दीवानगंज।** भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर स्थित बालमपुर घाटी के नीचे मोटरसाइकिल चालक रोड पर खड़ी गाय से टकरा गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल ह गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमित लोधी पिता जगन्नाथ लोधी अपने गांव ग्यारसपुर से भोपाल आया था। मंगलवार देर रात वापस अपने घर ग्यारसपुर जा रहा था। रात 10 बजे के लगभग अमित लोधी जैसे ही बालमपुर घाटी के नीचे उतरा तो सामने एक गाय आ गई। जिससे अमित लोधी की मोटरसाइकिल टकरा गई जिससे अमित लोधी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तुरंत दीवानगंज 108 एंबुलेंस के पायलट नरेंद्र अहिरवार और डॉक्टर दिनेश प्रजापति द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद हमीदिया में भर्ती किया गया जहां पर अमित लोधी का इलाज जारी है। बता दे की भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। 45 किलोमीटर मार्ग पर रोज कहीं ना कहीं दुर्घटनाएं हो रही है।

## नशा मुक्ति के लिए जागरूकता अभियान

**सीहोर।** थाना कोतवाली पुलिस द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत सीहोर शासकीय कस्तूरबा स्कूल,में बच्चों को हर तरह के नशे के विरुद्ध जागरूक किया गया । क्योंकि परिवार और समाज की ज्यादातर समस्याए नशे की वजह से हो होती है। बच्चों को भी इस आयोजन में शामिल होने की सलाह दी जाकर अपने घर परिवार में रहने वाले सदस्यों को शराब, तंबाकू सहित किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने का संकल्प दिलवाये जाने हेतु प्रेरित किया गया।

## पिछड़ा वर्ग विद्यार्थियों को विदेशी शिक्षण संस्थानों में अध्ययन करने ऑनलाइन आवेदन 30 जून तक

**सीहोर।** पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण मध्यप्रदेश ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजनांतर्गत म०प्र०राज्य के पिछड़ा वर्ग के 50 विद्यार्थियों को विदेशी शिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में अध्ययन करने के लिए चयन करने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए URL-www.scholarshipportal.mp.nic.in पर 30 जून 2024 तक किये जा सकते हैं। विभागीय योजना से संबंधित सभी जानकारी विभागीय वेबसाइट www.bcwelfare. mp.nic.in पर उपलब्ध है। विदेश में उच्च शिक्षा के लिए योजना का लाभ ले सकते हैं।


**कार्यालय प्राचार्य, स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय, रायसेन (म.प्र.)**
Accredited by NAAC with “B” Grade
Email : hegsvcral@mp.gov.in Phone &Fax : 07482-222373

// निविदा // रायसेन, दिनांक 24.06.2024

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायसेन जनभागीदारी मद से दिनांक 01 जुलाई 2024 से बस सेवा प्रारंभ करने के लिये निम्न शर्तों एवं प्रस्तावित रूट चार्ट के अनुसार बंद लिफाफे में बस ऑनर्स से प्रति माह किराये की दर से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा आमंत्रित की अंतिम तिथि 29.06.2024 तक कार्यालयीन समय 05:00 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर या डाक द्वारा भेजी जा सकती है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा प्राप्त होने पर उस निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा दिनांक 29.06.2024 को सायं 05:15 पर निविदा प्रदाताओं के समक्ष खोली जायेगी। अतः निविदा प्रदाता उक्त दिनांक एवं समय पर महाविद्यालय के मुख्य भवन के प्राचार्य कक्ष में उपस्थित रहें। यदि निविदाकर्ता उपस्थित नहीं होते है तो निविदा समिति प्राप्त निविदाओं को प्राचार्य के समक्ष खोल सकेगी।
प्रस्तावित बस रूट एवं समय निम्नानुसार है- बस सेवा प्रातः 09:00 बजे गोपालपुर मंदिर के सामने से प्रारंभ होकर सागर भोपाल तिराहा होते हुये महाविद्यालय परिसर, पुनः महाविद्यालय परिसर से रायसेन दरगाह तक जायेगी एवं दरगाह से वापिस सागर-भोपाल तिराहा होते हुये सागर रोड पर गुरूकृपा रेस्टोरेस तक जायेगी एवं गुरुकृपा रेस्टोरेस से महाविद्यालय आयेगी।
सायं 4:00 बजे बस महाविद्यालय से वापिस विधार्थियों को छोड़ने हेतु उपरोक्त रूटो पर जायेगी।
नियम व शर्तें :-
1- बस अच्छी हालत में 50 सीटर होना चाहिए ।
2- बस का रजिस्ट्रेथन, परमिट एवं फिटनेस, बीमा आदि सभी वेद्य स्थिति में होने चाहिए।
3- माननीय सप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन एवं म.प्र. शासन परिवहन विभाग की गाइड लाईन के अनुसार सुरक्षा मानक पूर्ण होने चाहिए। जैसे फायर सेफ्टी, फार्स्ट एण्ड वॉक्स बुक होना चाहिए ।
4- ड्राइवर के पास हैवी व्हीकल का वैद्य लाईसेन्स होना चाहिए ड्राइवर व कण्डक्टर अच्छे आचरण में होना चाहिए।
5- वह बस सेवा 01 जुलाई 2024 से प्रातः 09 बजे से प्रारंभ करनी होगी ।
6- यह अनुबंध 06 माह के लिए किया जायेगा। आवश्यकता पड़ने एवं कार्य संतोषजनक पाये जाने पर अनुबंध बढ़ाया जायेगा। बस सेवा संतोषजनक नहीं होने अथवा निविदा शर्तों का पालन नहीं करने पर अनुबंध एक माह की सूचना पर समाप्त भी किया जा सकेगा।
7- यदि मालिक बस किराये में जी.एस.टी. का प्रावधान है तो निविदा में स्पष्ट उल्लेख किया जाये।
8- यदि निविदाकताओं द्वारा उचित दरें प्रस्तुत नहीं करने पर म.प्र. के संभाग स्तर पर अन्य किसी द्वारा निर्धारित दरों पर जो कम होगी, उन दरो पर 01 माह के लिये बस सेवा का अनुबंध करने का अधिकार निविदा समिति एवं प्राचार्य का होगा ।
9- निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अंतिम निर्णय निविदा समिति एवं प्राचार्य का होगा।

**प्राचार्य**
**स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय, रायसेन (म.प्र.)**



**कार्यालय नगर परिषद सिलवानी, जिला रायसेन (म.प्र.)**
cmosilwani@mpurban.gov.in
क्रमांक/403/राजस्व/न.प./2024 सिलवानी, दिनांक - 26.06.2024

// इश्तिहार //
(नामांतरण विज्ञप्ति)

| क्र. | क्रेता का नाम/पिता/पति का नाम सहित | विक्रेता का नाम/पिता/पति का नाम सहित | (भूमि/भवन स्थित) वार्ड क्र. | रजिस्ट्री/फौती नामा. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमति राधारानी/श्री टीकाराम साहू | श्री रतनलाल साहू/ श्री प्यारे साहू | 14 | रजिस्ट्री | 1000 |
| 2 | श्री रबिया बेगम/मो. फैयाज | श्री मो. फैयाज/ताज मो. | 04 | रजिस्ट्री | 480 |
| 3 | श्रीमति हनी गुप्ता/रवि गुप्ता | श्री अशोक कुमार जैन-किशन लाल शर्मा | 14 | रजिस्ट्री | 825 |
| 4 | श्रीमति लक्ष्मी बाई साहू/सुरेश कुमार साहू | श्री रमेश कुमार/लच्छीराम नामदेव | 14 | रजिस्ट्री | 840 |
| 5 | श्रीमति अनीता बाई/श्री पप्पू कुशवाहा | श्री नरेश पुरी गोस्वामी/गुलाब पुरी | 15 | रजिस्ट्री | 750 |
| 6 | श्रीमति सुमन बाई/भगवत सिंह अहिरवार | श्री नरेश पुरी गोस्वामी/गुलाब पुरी गोस्वामी | 15 | रजिस्ट्री | 600 |
| 7 | श्रीमति अनिता लोधी/जीवन सिंह लोधी | श्री पूरनलाल साहू/प्यारेलाल | 15 | रजिस्ट्री | 600 |
| 8 | श्री प्रेमसिंह गौर/संतराम गौर | श्री रमेश नामदेव/लछीराम नामदेव | 14 | रजिस्ट्री | 660 |
| 9 | श्रीमति अनिता धुर्वे/दिनेश धुर्वे | श्री जितेन्द्र कुमार/श्री राजेन्द्र कुमार जैन | 14 | रजिस्ट्री | 600 |
| 10 | श्री राघवेन्द्र सिंह/प्रताप सिंह | श्रीमति नब्वो बाई/अजव सिंह रघुंवशी | 14 | रजिस्ट्री | 650 |
| 11 | श्री चरण सिंह/दादूवीर रघुंवशी- श्री पुष्पा/ चरण सिंह रघु. | श्री राजीव कुमार मिश्रा/अरविंद कुमार मिश्रा | 14 | रजिस्ट्री | 756 |
| 12 | श्री पवन-प्रवीण अहिरवार/रघुवीर सिंह | मेसर्स अशोक विहार कॉलोनी | 14 | रजिस्ट्री | 1000 |
| 13 | श्रीमति रेखा रघुवंशी/संतोष रघुवंशी | श्री श्यामलाल राय/छोटेलाल राय | 15 | रजिस्ट्री | 900 |
| 14 | श्रीमति मनीशा कॉकोडिया/पर्वत सिंह | मेसर्स अशोक विहार कॉलोनी | 14 | रजिस्ट्री | 1000 |
| 15 | श्रीमति मीरा बाई/महेन्द्र कुमार रघु. | श्री स्वतंत्र कुमार/श्री बाबूलाल जैन | 15 | रजिस्ट्री | 900 |
| 16 | श्री फैज मो./मकबूल | श्री मकबूल मो./अफजल मो. | 14 | रजिस्ट्री | 1381 |
| 17 | श्रीमति सविता राय/रामदयाल राय | श्रीमति वर्षा राय/मोतीलाल राय | 14 | रजिस्ट्री | 1000 |
| 18 | श्रीमति ममता बाई/शंकर लाल | श्री दीपक कुमार शर्मा/ बालमुकुन्द शर्मा | 14 | रजिस्ट्री | 700 |
| 19 | श्री विपिन कुमार चैरसिया/प्रेमनारायण | श्री परषोत्तम पुरी/गुलाब पुरी | 15 | रजिस्ट्री | 750 |
| 20 | श्री रामकृष्ण-धनश्याम/रोकड़ सिंह रघुवंशी | श्रीमति माल्ती जैन/मनोज कुमार जैन | 15 | रजिस्ट्री | 875 |
| 21 | श्री दौलत सिहं रैकवार/हल्केवीर | श्री रसीद खां/बाबू खां | 14 | रजिस्ट्री | 600 |
| 22 | धनराज अहिरवार/देवीलाल | उषमान खां/मुनीर खां | 03 | रजिस्ट्री | 600 |
| 23 | भगवतशरण राय/करण सिंह राय | श्री मनोज जैन/शिखरचंद जैन | 03 | रजिस्ट्री | 674 |
| 24 | श्री रामस्वरूप कुशवाह/ रविप्रसाद-आरती कुशवाह/श्री रामस्वरूप | मो. वसीम/मो. मकबूल | 02 | रजिस्ट्री | 600 |
| 25 | अरविंद कु./ मदनलाल मलवीय | सुनील/स्व. अजय कुमार जैन | 14 | रजिस्ट्री | 600 |
| 26 | श्रीमति रागनी सेन/भगवत सराठे | आलमगीर मो./अकबर मो.खान | 14 | रजिस्ट्री | 600 |
| 27 | दशरथ कुशवाह /रतन कुशवाह | शकीला बी/मशकूर खां | 01 | रजिस्ट्री | 750 |
| 28 | सीमा बाई/ बृजेश कुमार | आशीस कुमार/द्वारका प्रसाद | 01 | रजिस्ट्री | 600 |
| 29 | श्री राकेश कुमार/मानक कुमार | लोकेश कुमार/महेश कुमार | 14 | रजिस्ट्री | 740 |
| 30 | उमेश कुमार मेहरा/अमोल सिंह | रमेश कुमार नामदेव/लच्छीराम | 14 | रजिस्ट्री | 1200 |
| 31 | अनुपमा मेहरा/उमेश मेहरा | रमेश कुमार नामदेव/लच्छीराम | 14 | रजिस्ट्री | 1000 |

नगर परिषद सिलवानी जिला रायसेन कार्यालय द्वारा निम्नानुसार 31 आवेदकों के भवन भूमि नामांतरण हेतु इश्तहार सूचना का प्रकाशन किया जाना है। सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार व्यक्तियों के भवन/भूमि नामान्तरण निकाय द्वारा किए जाना है। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त नामांतरण के सम्बंध में कोई आक्षेपअथवा आपत्ति है तो वह इश्तिहार सूचना समयावधि 30 दिवस (दिनांक .......... से दिनांक .......... तक) के भीतर नगर परिषद कार्यालय सिलवानी में अपनी दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि समाप्त होने के पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद सिलवानी**